KROSS LIMITED
CIN - L29100JH1991PLC004465
A Trailer's First Choice
e-mail : accounts@krossindia.com
purchase@krossindia.com
sales.trailerparts@krossindia.com

25th July, 2026

To
The General Manager
Department of Corporate Services,
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort
Mumbai – 400 001

To
The General Manager
Department of Corporate Services,
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai – 400 051

**Scrip Code: 544253**

**Symbol: KROSS**

**Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation 2015**

Respected Sir/Madam,

Pursuant to Regulations 30 read with Schedule III and Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, we enclosed the copy of newspaper advertisement published on 25th July, 2026 in the following newspaper;

1. Financial Express, All India Edition (English)
2. Utkal Mail, Regional (Hindi)

The above said information is also available in the website of the Company at https://www.krosslimited.com/

This is for your information and record.
Thanking You,

**For Kross Limited**

DEBOLINA KARMAKAR
Digitally signed by DEBOLINA KARMAKAR
Date: 2026.07.25 13:51:38 +05'30'

**Debolina Karmakar**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**ACS 62738**

## बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर ट्रेन से 400 बोतल अवैध शराब बरामद

उत्कल मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू :** रेलवे मार्ग से होने वाली अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल जपला की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जपला रेलवे स्टेशन पर चलाए गए जांच अभियान के दौरान आरपीएफ ने बरवाडीहझ्ञडेहरी ऑन सोन पैसेंजर ट्रेन से 80 लीटर (400 बोतल) लावारिस देसी शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 18 हजार रुपये बताई जा रही है।



**लावारिस बोरी और ोले से मिली शराब :** जानकारी के अनुसार, रात करीब 9:30 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर पहुंची बरवाडीहझ्ञडेहरी ऑन सोन पैसेंजर ट्रेन (संख्या 53349 अप) के सामान्य कोच में सुरक्षा बल द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान कोच के शौचालय के पास संदिग्ध अवस्था में रखी दो बोरियां और एक झोला बरामद हुआ। ट्रेन में मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी व्यक्ति ने उक्त सामान पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद आरपीएफ टीम ने जब सामान की तलाशी ली, तो उसमें से ह्वरॉयल झारखंड डीलक्सह्न ब्रांड की कुल 400 बोतलें (80 लीटर) अवैध देसी शराब बरामद हुईं। जब्त की गई सभी बोतलों पर ह्लफॉर सेल इन झारखंड ओनलीह्व अंकित था, जिसे तस्करी कर बिहार ले जाने की आशंका जताई जा रही है।

**अभियान में शामिल अधिकारी:** यह कार्रवाई वरीअ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं आरपीएफ जपला के निरीक्षक प्रभारी संतोष कुमार झा के नेतृत्व में की गई। इस विशेष जांच अभियान में उपनिरीक्षक रामनरेश राम, मुख्य आरक्षी सुभाष चंद्र यादव, राजनाथ तथा आरक्षी उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**आगे की कानूनी कारवा :** आरपीएफ ने जब्त शराब की विधिवत सूची तैयार कर 23 जुलाई को उत्पाद विभाग, डालटनगंज (मेदिनीनगर) को सौंप दिया है। इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरपीएफ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ट्रेनों के माध्यम से होने वाली अवैध शराब तस्करी को रोकने के लिए रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## उंटारी रोड हत्या व साक्ष्य छुपाने का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार



उत्कल मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू:** पलामू पुलिस ने उंटारी रोड थाना कांड संख्या-37/2026 का सफल उद्भेदन करते हुए हत्या एवं साक्ष्य छिपाने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीती 15 जुलाई 2026 को ग्राम शेखडीहा (सतबहिनी पंचायत) स्थित कोयल नदी के बालू में गाड़ा गया एक शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान सचिन कुमार साह के रूप में की गई थी।

**करं लगने से हु थी मौत नदी में गाड़ दिया था शव :** पुलिस अनुसंधान और गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान से यह खुलासा हुआ कि 14 जुलाई 2026 की रात अवैध रूप से बिछाए गए 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से सचिन कुमार साह की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद कानूनी कार्रवाई से बचने और साक्ष्य मिटाने की नीयत से अभियुक्तों ने शव को कोयल नदी के बालू में गाड़ दिया तथा बिजली के तारों को भी छुपा दिया था।

**त्वरित कारवा करते हुए दो गिर तार :** मामले की गंभीरता को देखते हुए पलामू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और घटना में शामिल दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को

उत्कल मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू :** कारगिल विजय दिवस समारोह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू और पलामू प्रमंडल योद्धा समूह के तत्वधान में आगामी रविवार, 26 जुलाई 2026 को स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में पूर्वाह्न 11.00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र और महासचिव सुनील कुमार सिंह ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा दी है। उन्होंने बताया है कि कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10.00 बजे शहीद चौक (पूर्ववर्ती कचहरी चौक) पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की जाएगी। तत्पश्चात, टाऊन हॉल में कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत 11.00 बजे से माननीय अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की जाएगी। टाऊन हॉल में युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों के वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा तथा उनके पतियों के द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान और वीरता की गौरव गाथा को याद की जाएगी। इसके साथ ही जिला के उन सैनिकों को जिन्होंने युद्ध के दौरान अपने शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को खोया है या वीरता पदक से सम्मानित हुए हैं को भी समारोह में आदरपूर्वक सम्मानित किया जाएगा। समारोह में शामिल होने के लिए शहर के गण मान्य प्रशासनिक, राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है। समारोह के मुख्य आकर्षण विभिन्न स्कूल से आने वाले स्कूली बच्चे और स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह समारोह 1999 के मई और जुलाई के बीच में लड़े गए कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने वाले देश के सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जा रहा है। अतः परिषद जिला में रहने वाले सभी सेवारत और पूर्व सैनिकों से समारोह में अपने परिजनों और मित्रगणों के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है। साथ ही साथ परिषद ने आम जनता से विशेष कर युवा वर्ग से और देश भक्त नागरिकों से भी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर सैनिकों की हौसला अफजाई करने का अपील किया है।



## डीएवी स्पोर्ट्स-2026 (क्लस्टर लेवल) का भव्य आयोजन

**धनबादः** डीएवी पब्लिक स्कूल, कुसुंडा, धनबाद में डीएवी स्पोर्ट्स-2026 के अंतर्गत क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता (क्लस्टर-, झारखंड जोन-बी) का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कराटे, जूडो एवं ताइक्वांडो खेलों का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महुआ सिंह, मैनेजर सह प्राचार्या, डीएवी सीएफआरआई व विशिष्ट अतिथि एस. मोदक, प्राचार्य डीएवी अलकुसा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए.के. दुबे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत किया।

**जिला दण्डाधिकारी–सह–**
**उपायुक्त का कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ**
**(विधि शाखा)**

**T.A. Misc Case No. 64/2026-27**

आवेदक लखिन्द्र महाली, पिता– स्व0 बेलु महाली, पता– गाँव– महालीमुरूप, पंचायत– मुरूप, थाना– सरायकेला, जिला– सरायकेला–खरसावाँ (वादी)।
बनाम
M/s RUNGTA SONS PVT. LTD. (प्रतिवादी) ।

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक लखिन्द्र महाली, पिता– स्व0 बेलु महाली, पता– गाँव– महालीमुरूप, पंचायत– मुरूप, थाना– सरायकेला, जिला– सरायकेला–खरसावाँ के मौजा– महालीमुरूप, थाना नं0– 220 के अन्तर्गतः–

| खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा |
|---|---|---|
| 8 | 470 | 0.460 ए0 |
| 9 | 236 | 0.020 ए0 |
| 13 | 235 | 0.035 ए0 |
| | 393 | 0.043 ए0 |
| | 461 | 0.065 ए0 |
| | | कुल– 0.623 ए0 |

अतः यदि किसी को उल्लेखित भूमि हस्तान्तरण में कोई आपत्ति हो तो दिनांक– 14.08.2026 को 3:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, सरायकेला–खरसावाँ के न्यायालय में लिखित/मौखिक आपत्ति पत्र दाखिल करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से दिनांक 20.07.2026 को सूचना निर्गत किया गया।

उप–समाहर्त्ता,
विधि शाखा, सरायकेला–खरसावाँ

PR 385797 Law(26-27)#D

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के खिलाड़ियों का जलवा, जीते 2 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य पदक

उत्कल मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर पलामू :** कोलकाता (हावड़ा) में आयोजित 4थी एपीजे अब्दुल कलाम इंटर स्कूल एवं नेशनल कराटे चैंपियनशिप में पलामू के संत मरियम विद्यालय के बाल खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले व विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के पांच कराटेकारों ने कुल दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए:रौनक कुमार एवं दिव्यांशु कुमार ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण ट्रॉफी अपने नाम की।शिवम कुमार एवं अनुराग कुमार ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत ट्रॉफी जीती। अनिकेत कुमार ने कड़े मुकाबले में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप शितो-रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में हावड़ा (कोलकाता) स्थित श्री अग्रसेन सेवा समिति स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित की गई थी। इस भव्य प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 20 राज्यों से आए स्कूली कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिनके बीच संत मरियम के खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। संत मरियम विद्यालय की इस विजयी टीम का कुशल नेतृत्व मुख्य कराटे प्रशिक्षक क्योंशी संतोष कुमार ने किया, वहीं टीम मैनेजर के रूप में सेंसाई संजय कुमार पासवान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ट्रेन के चपेट में आया युवक, मौके पर ही हो गई मौत

उत्कल मेल संवाददाता

**मरक ो (कोडरमा):** कोडरमा मधुपुर रेलखंड स्थित नावाडीह रेलवे स्टेशन से महज 100 मीटर पहले पोल संख्या 32/27-32/29 मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग रेलवे पुल के नीचे से एक युवक का शव बरामद किया गया है।मृतक की पहचान मरकच्चो पश्चिम मुहल्ला निवासी बबलू गोस्वामी उम्र 32 वर्ष पिता सुभाष गोस्वामी के रूप में की गई है ।घटना शुक्रवार दोपहर बाद की है। आशंका जताई जा है की युवक की मौत ट्रेन की चपेट मे आने से हुई है। जानकारी अनुसार रेलवे ट्रेक के किनारे कुछ महिलाएं मवेशी चरा चरा रही थीं उनलोगों ने ही सबसे पहले शव को रेलवे ट्रेक के किनारे देखा जिसके बाद महिलाओं द्वारा हल्ला करने पर वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। जानकारी अनुसार मृतक अपने घर से दो दिन पहले ही बैंगलोर से लौटा था। लेकिन आज वह कहां जा रहा था या आ रहा था परिजन को पता नहीं था।निकला था। वहीँ घटना की सूचना मिलने पर मरकच्चो थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई नफीस अहमद अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया ।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Kharkai Link Canal Division Musabani**

**Very Short NOTICE Re-inviting e-quotation 2nd Call**
**Notice No. WRD/IGC/KLCD MUS- 01E-Q1/2026-27 Dated 09.07.2026**

Government of Jharkhand through its public works Department (PWD) is engaged in framing revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations throough e- quotation are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 For Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/Lessee for respective items. The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil Construction infrastructure woks and repair works shall be submitted online in the website https://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items/materials are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of items/materials online from 27.07.2026 at 10:30 hrs. to 31.07.2026 at 17:00 hrs. The quotation will be opened on 03.08.2026 at 14:00 hrs.

The quotation invites to ascertain and assess the items/materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate. The conditions relating to Tender quotation can be seen on the notice board of the office.

Executive Engineer
Kharkai Link Canal Division,
Musabani

PR 385746 (Water Resource)26-27*D

## कांग्रेस के दोहरे रवैये के खिलाफ पलामू में राहुल गांधी का पुतला दहन



उत्कल मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू** छ कांग्रेस के कथित दोहरे रवैये के विरोध में पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में भाजपा कार्यकताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कांग्रेस पर विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग रुख अपनाने का आरोप लगाया तथा इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि कांग्रेस देशहित के मुद्दों पर स्पष्ट नीति अपनाने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए दोहरी राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व जनता के हितों से जुड़े विषयों पर भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। प्रारंभ से कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की पोशक रही है । नैतिक रूप से कांग्रेस पार्टी को इस पर बात करने का अधिकार नहीं है , आज पूरी कांग्रेस पार्टी लोकसभा में भ्रष्टाचार पर बहस करने से कतरा रही है और लोगों को दिगभ्रमित करने का काम कर रही है । समय के साथ जनता ने कांग्रेस को जवाब देने का काम किया है । आज कांग्रेस पार्टी बट वृक्ष से सिकुड़ते सिकुड़ते गमले की बरगद के रूप में दिखाई दे रही है ।यह कांग्रेस के भ्रष्ट मानसिकता का ही परिणाम है ।कांग्रेस की नियत और नीति को जनता समझ चुकी है प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने कथित दोहरे रवैये पर जनता से जवाब देना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा के कई पदाधिकारी, एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे । पुतला दहन कार्यक्रम में श्याम नारायण दुबे विजयानंद पाठक शिवकुमार मिश्रा अभिमन्यु तिवारी अजय सिंह डा० विपुल गुप्ता ज्योति पांडे अरविंद गुप्ता भोला पांडे श्वेतांग गर्ग शुभम प्रसाद प्रियरंजन कुमार शशि भूषण पांडेय राजेश सिंह सुनील तिवारी सरवन गुप्ता अर्जुन सिंह राकेश तिवारी ईश्वरी प्रसाद अजय सिंह मनीष पांडे बैजनाथ शर्मा वीरेंद्र प्रसाद विवेक चौबे सूरज शुक्ला रूद्र सिंह प्रफुल्ल तिवारी दीपक पांडे चंद्रकांत सिंह प्रकाश राय विवेक शर्मा सरवन गुप्ता शैलेश सिंह लवली गुप्ता रीना किशोर पुष्पा देवी आनंद सिंह राम भक्त आकाश कुमार किशन मखड़िया मनोज गोस्वामी उमेश रजक जितेंद्र तिवारी सुजाता सिंह सहित पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

**KROSS LIMITED**

**Corporate Identity Number**: L29100JH1991PLC004465;
**Registered Office**: M-4, PHASE-VI, GAMHARIA, ADITYAPUR INDUSTRIAL AREA, JAMSHEDPUR, Seraikella Kharsawan, Jharkhand, India - 832108. **Mob.:** 7280026478; **E-mail**: cs@krossindia.com; **Website**: www.krosslimited.com

**STATEMENT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2026 OF KROSS LIMITED**

(Amounts in ₹ Millions, unless otherwise stated)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-26 | 31-Mar-26 | 30-Jun-25 | 31-Mar-26 |
| | | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total Revenue from operations | 1,843.39 | 2,254.48 | 1,393.55 | 6,732.01 |
| 2 | Net Profit before tax | 178.27 | 300.66 | 138.69 | 750.42 |
| 3 | Net Profit after tax | 133.12 | 224.50 | 107.00 | 552.14 |
| 4 | Total Comprehensive Income | 133.24 | 226.21 | 106.59 | 552.62 |
| 5 | Paid-up equity share capital [Face value per share: ₹5] | 322.55 | 322.55 | 322.55 | 322.55 |
| 6 | Other equity (as shown in the audited Balance Sheet) | - | - | - | 4,575.10 |
| 7 | Earnings per share (not annualised for the Quarter and half year ended): | | | | |
| | Basic (in ₹) | 2.06 | 3.48 | 1.66 | 8.56 |
| | Diluted (in ₹) | 2.06 | 3.48 | 1.66 | 8.56 |

**Notes:**

1. The above unaudited financial results of the Company for the quarter ended June 30, 2026, have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meeting held on July 24, 2026. The Statutory auditors have expressed an unmodified review opinion on these results and have issued an unmodified conclusion.
2. The Company manufactures 'Motor vehicle parts & accessories and the management review the performance of the company as single operating segment in accordance with Ind AS - 108 'Operating segments' notified pursuant to the companies (Indian Accounting Standards), Rules, 2015. Accordingly, no separate segment information has been furnished herewith.
3. The company does not have any subsidiary/associate/joint venture company as at June 30,2026, hence the Consolidated Financial Statements is not required to be prepared by the company.
4. The figures for the previous periods/year have been regrouped/restated where necessary.
5. The unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2026, will be available on the Company's website www.krosslimited.com

Place : Jamshedpur
Date : July 24, 2026

For and on behalf of the Board of Directors of
Kross Limited
Sudhir Rai
Chairman and Managing Director
DIN:00512423

Adfactors 201/26